प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

5 जुलाई 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक ने डेबिट, क्रेडिट और प्रीपेड कार्ड जारी करने के लिए कार्ड नेटवर्क के प्रबंध संबंधी ड्राफ्ट परिपत्र पर टिप्पणियां आमंत्रित की हैं

भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज अपनी वेबसाइट पर डेबिट, क्रेडिट और प्रीपेड कार्ड जारी करने के लिए कार्ड नेटवर्क के प्रबंध संबंधी ड्राफ्ट परिपत्र को हितधारकों की प्रतिक्रिया हेतु रखा। टिप्पणियाँ/ प्रतिक्रियाएं, यदि कोई हो, 4 अगस्त 2023 को या उससे पहले, ईमेल द्वारा अथवा डाक द्वारा प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक, भुगतान और निपटान प्रणाली विभाग, केंद्रीय कार्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक, 14वीं मंजिल, केंद्रीय कार्यालय भवन, शहीद भगत सिंह मार्ग, मुंबई - 400 001 को भेजी जा सकती हैं।

2. ड्राफ्ट परिपत्र कार्ड जारीकर्ताओं (बैंकों/गैर-बैंकों) को एक से अधिक कार्ड-नेटवर्क पर कार्ड जारी करने के साथ-साथ ग्राहकों को बहुविध कार्ड नेटवर्क में से किसी एक को चुनने की सुविधा प्रदान करने का आदेश देता है। यह कार्ड जारीकर्ताओं को ऐसे करार करने से भी रोकता है जो अन्य कार्ड-नेटवर्क के साथ संबद्ध होने की उनकी क्षमता को सीमित करते हैं।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/543